नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
ग्वालियर 31 वां वर्ष संस्करण

# दो चरणों में बिहार चुनाव

**06** नवंबर को 121 सीटों पर होगा मतदान | **11** नवंबर को 122 सीटों पर होगा मतदान | **14** नवंबर को होगी मतगणना

**नई दिल्ली, 06 अक्टूबर (वार्ता) बिहार में विधानसभा चुनाव दो चरणों - छह और 11 नवंबर को कराया जाएगा तथा मतगणना 14 नवंबर को होगी. राज्य की 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि छह नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए अधिसूचना 10 अक्टूबर को जारी की जाएगी और नामांकन 17 अक्टूबर तक कराए जा सकेंगे.**

| | | |
|---|---|---|
| **7.42** करोड़ मतदाता करेंगे नई सरकार का फैसला | **17** अक्टूबर तक जमा होंगे नामांकन | **18** अक्टूबर को होगी नामांकन पत्रों की जांच |
| **20** अक्टूबर तक वापस लिए जा सकेंगे नाम | **14** लाख 14 से 19 वर्ष की आयु के मतदाता | **8.5** लाख कर्मी संभालेंगे चुनाव की व्यवस्था |

नामांकन पत्रों की जांच 18 अक्टूबर को होगी और नाम 20 अक्टूबर तक वापस लिए जा सकेंगे.पहले चरण में 121 सीटों और दूसरे चरण में 122 सीटों पर मतदान होगा।

दूसरे चरण में 11 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए अधिसूचना 13 अक्टूबर को जारी की जाएगी और नामांकन 20 अक्टूबर तक किए जा सकेगा. नामांकन पत्रों की जांच 21 अक्टूबर को होगी तथा 23 अक्टूबर तक नाम वापस लिये जा सकेंगे. आयोग ने चुनाव व्यवस्था संभालने के लिए साढ़े आठ लाख कर्मियों की व्यवस्था की है. मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ संवाददाता सम्मेलन में चुनाव आयुक्त डॉ विवेक जोशी तथा सुखबीर सिंह संधु के लावा आयोग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे.

### 8 विस सीटों के लिए उपचुनाव 11 नवंबर को

**नई दिल्ली, 06 अक्टूबर.** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की दो और छह राज्यों की छह विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव बिहार विधानसभा के दूसरे चरण के साथ 11 नवंबर को होंगे. मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में इसकी घोषणा की.

विधानसभा चुनाव में कुल 7.42 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे. कुल मतदाताओं में 3.92 करोड़ पुरुष तथा 3.50 करोड़ महिलाएं हैं. इनमें पहली बार मतदाता बने 18 से 19 वर्ष की आयु के युवाओं की संख्या 14.01 लाख है.

## फ्रांस पीएम लेकॉर्नु ने मात्र 27 दिनों बाद दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली, 06 अक्टूबर. फ्रांस के नव-निर्वाचित प्रधानमंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नु ने सोमवार की सुबह इस्तीफा दे दिया. राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के कार्यालय ने इसकी पुष्टि की है. लेकोर्नु ने अपनी नयी सरकार के गठन के कुछ ही घंटों बाद इस्तीफ़ा देकर देश को एक बार फिर से राजनीतिक अनिश्चितता में धकेल दिया।**

इस तरह 27 दिनों के कार्यकाल के बाद लेकोर्नु फ्रांसीसी संसदीय इतिहास में सबसे कम समय तक रहने वाले प्रधानमंत्री बन गये हैं। उग्र-वामपंथी ला फ्रांस इनसोमिसे पार्टी के नेता जीन-ल्यूक मेलेंचन ने राष्ट्रपति मैक्रों को पद से हटाने के लिए एक प्रस्ताव पेश करने की मांग की। एलएफआई की एक प्रमुख सदस्य मथिल्डे पैनोट ने लेकोर्नु के इस्तीफे के बाद मैक्रों के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, उलटी गिनती शुरू हो गई है।




भारत के एक दिवसीय कप्तान के रूप में रोहित शर्मा का सफल कार्यकाल समाप्त हुआ!

# पीड़ित परिजनों से मिलने परासिया पहुंचे मुख्यमंत्री

### पीड़ितों के साथ है राज्य सरकार : डॉ. मोहन यादव

### सिरप कांड के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा



**छिंदवाड़ा/ परासिया. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मृतक बच्चों के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना देते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उनके साथ है. मामले में दोषी किसी भी अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े दोषियों को बख्शेंगे नहीं.**

अपने निर्धारित समय पर परासिया पहुंचे मुख्यमंत्री सबसे पहले न्यूटन नगर पहुंचे, यहां उन्होंने मृतक अदनान के माता-पिता से मिलकर उन्हें सांत्वना दी. उसके बाद परासिया के हसनैन के घर पहुंचे, जहां पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की कोशिश है कि वह पीड़ित परिवार को हर संभव मदद दे. लगभग आधा घंटा उन्होंने पीड़ित परिवारों के बीच बिताया. इसके पश्चात डॉक्टर मोहन यादव बड़कुही में योगिता धारसे के घर पहुंचे और उनके माता-पिता से मिले.

### मृतका की बॉडी को किया रिओपन

मुख्यमंत्री ने उनके माता-पिता को संबल देते हुए कहा कि वह पहले माता-पिता है जिन्होंने अपनी फूल सी गुड़िया के पीएम करने के लिए अपने दिल पर पत्थर रखा. योगिता धारसे 3 वर्ष का बीते दिन नागपुर में निधन हो गया था. मृतका की बॉडी को रिओपन कर पीएम करवाया गया. इसके बाद शव को उसके परिजनों को सौंपा गया था. बेटी की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था.

## सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई गवई पर हमले की कोशिश

**नई दिल्ली, 06 अक्टूबर (वार्ता) सुप्रीम कोर्ट में सोमवार सुबह वकील की पोशाक पहने एक व्यक्ति ने अदालती कार्यवाही के दौरान मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई पर कथित रूप से कोई वस्तु फेंकने की कोशिश की.**

घटनाक्रम के तुरंत बाद अदालत कक्ष के अंदर नारे लगाने वाले व्यक्ति को सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत पकड़ लिया और कक्ष से बाहर ले गए. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अदालत कक्ष से बाहर निकाले जाने के दौरान उस व्यक्ति ने चिल्लाते हुए कहा, सनातन धर्म का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान. कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया कि उसने जूता फेंकने की कोशिश की जबकि अन्य ने कहा कि वह कागज का एक रोल था.

### न्यायमूर्ति गवई से पीएम मोदी ने की बात



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई पर हमले को निंदनीय करार देते हुए कहा है कि इस तरह के कृत्यों की भारतीय समाज में कोई जगह नहीं है। मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, भारत के मुख्य न्यायाधीश, न्यायमूर्ति बी आर गवई से बात की। सोमवार सुबह सुप्रीम कोर्ट परिसर में उन पर हुए हमले से हर भारतीय क्षुब्ध है। हमारे समाज में ऐसे निंदनीय कृत्यों के लिए कोई जगह नहीं है। यह अत्यंत निंदनीय है।

## बंगाल में बीजेपी सांसद पर जानलेवा हमला

**कोलकाता.** पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में बीजेपी सांसद खगेन मुर्मू पर जानलेवा हमला हुआ है. हमले में बीजेपी नेता बुरी तरह से घायल हो गए हैं, उनके सिर में गंभीर चोट आई है, जिससे उनका पूरा चेहरा लहूलुहान हो गया है. सांसद मुर्मू समेत बीजेपी के अन्य नेता बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री देकर लौटे थे, तभी रास्ते में उनके काफिले पर हमला हो गया. भीड़ ने उन पर पत्थर, चप्पल, जूते और लाठी-डंडे बरसाने शुरू कर दिए.




10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | HDFC BANK | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. हैट-ट्रिक सेविंग्स 22 सितंबर 2025 से मान्य. कुल सेविंग्स में शामिल है 100% GST लाभ, (एक्स शोरूम कीमत और लागू होने वाले RTO टैक्स पर), शून्य प्रोसेसिंग फी, और 1 साल का ओन डैमेज इंश्योरेन्स. शून्य PF और OD पर सेविंग्स फ़ायनान्सर/ इंश्योरेन्स-कर्ता पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. 5 वर्ष की स्टैण्डर्ड वॉरंटी + 5 वर्ष की विस्तारित वॉरंटी @ ₹999/-. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, नियंत्रित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Gwalior: Tansen Marg** TIRUPATI BAJAJ-9522226003 • **OM Advance Bajaj,Nawab sahab ka kua,Shinde ki Chawani** 9109102382, **Om Advance,Ankita Towers,Naka Chandra Wadni,Sakhiya Vilas**-9109102385 **Om Advance bajaj,City Centre**-9109102384, **Om Advance bajaj,Jhansi Road Datia**-9109170765, **Morena** Kamadgiri BAJAJ 9329399165 • **Shivpuri** KK BAJAJ 9425156633 • **Bhind Shankar Motors** 8717894211.